जनजाति बाहुल्य 32 ग्रामों में एक दिवसीय वृहद पशु चिकित्सा टीकाकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम 30 नवंबर को

जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव तहसील शहपुरा जिला डिंडोरी द्वारा 32 ग्रामों में एकदिवसीय वृहद टीकाकरण पशु चिकित्सा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग जबलपुर संभाग के सौजन्य से 30 नवंबर 2022 को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सभी ग्रामों हेतु 5 सदस्यीय टीम पशु चिकित्सा छात्रों एवं विशेषज्ञों को सम्मिलित करके प्रत्येक ग्राम हेतु एक दल तथा सभी ग्रामों के 6 जोन एवं जोनल अधिकारी को सभी ग्रामों हेतु कार्य विभाजन किया गया है। समस्त प्रतिभागियों हेतु जलपान एवं भोजन व्यवस्था जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव द्वारा की जावेगी तथा पशु चिकित्सा छात्रों एवं विशेषज्ञों को केंद्र तथा ग्रामो तक पहुंचाने एवं लाने हेतु 3 बस एवं 3 जीप वाहनों की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा तथा औषधियां एवं उपकरण तथा आवश्यक टीका द्रव्य एवं वाहनों की व्यवस्था पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला डिंडोरी द्वारा की जावेगी। साथ ही दो बड़े ग्रामों में विशेष पशु चिकित्सा एवं बांझपन निवारण तथा शल्य क्रिया के शिविर में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर के विशेषज्ञों द्वारा उपचार किया जावेगा। कार्यक्रम का प्रगति प्रतिवेदन केंद्र में संकलित किया जावेगा एवं भोजन उपरांत प्रतिभागियों की गंतव्य को वापसी के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। आयोजन की सफलता हेतु पशु चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के सभागार में कुलपति सीता प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में बैठक 23 नवंबर 22 को संपन्न हुई जिसमें डॉ. विनोद बाजपेई, संयुक्त संचालक, डॉ सुनील कांत बाजपेई, सेवानिवृत्त उपसंचालक, डॉ. एस.के. जोशी, कुलसचिव, डॉ. आर.के. शर्मा अधिष्ठाता डॉ. आदित्य मिश्रा, डीन छात्र कल्याण, डॉ देवेंद्र गुप्ता, विश्वविद्यालय के संचालक एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर